## गणतंत्र दिवस पर प्रशासन की कार्यशैली ने गरिमामयी परम्परा पर खड़े किए सवाल, लापरवाही उजागर

# कागजों में चलने वाले आरईएस कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज संहिता की अनदेखी





हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया/बाबा ठाकुर/मनीष गड़करी

देश के साथ साथ तामिया में भी गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया, लेकिन इस अवसर पर सबसे ज़्यादा चर्चा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग की रही, एक ऐसा कार्यालय जो क्षेत्र में लंबे समय से काग़ज़ों में संचालित होने के आरोपों को लेकर चर्चा में है। आरईएस विभाग के अंतर्गत करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य संचालित बताए जाते हैं। ऐसे में इन कार्यों की मॉनिटरिंग कैसे होती होगी, इसका अंदाज़ा इसी ध्वजारोहण कार्यक्रम से लगाया जा सकता है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभागीय प्रभारी एसडीओ केपी सिंह, जिन्हें प्रभारी कार्यपालन यंत्री का करीबी बताया जाता है, ने कार्यालय की छत पर ध्वजारोहण कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत तामिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। हालांकि, ध्वजारोहण के दौरान एसडीओ द्वारा बरती गई लापरवाही साफ तौर पर देखी गई। तिरंगा फहराते समय वे झंडे की डोर को ठीक से नहीं संभाल पाए, जिससे तिरंगा लहराने के बजाय नीचे की ओर आने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें डोर ठीक से बांधने की ओर ध्यान दिलाया, लेकिन इसके बावजूद भी डोर बांधने में कोताही स्पष्ट नजर आई। ध्वजारोहण के बाद जब सभी अधिकारी-कर्मचारी छत से नीचे आ गए, तब उपयंत्री सतीश परमार को यह समझ आया कि डोर सही तरीके से नहीं बंधी है। इसके बाद वे पुनः छत पर गए और डोर को मजबूती से बांधा। राष्ट्रीय ध्वज जैसे सम्मानित प्रतीक के साथ इस तरह की लापरवाही ने उपस्थित लोगों को असहज कर दिया।


चर्चा इस बात की भी होती रही कि यह शायद पहला ऐसा कार्यालय है जो काग़ज़ों में संचालित होने के बावजूद छत पर ध्वजारोहण करता नज़र आया।इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल आरईएस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी दर्शाया कि जब कार्यालय वास्तविक रूप से सक्रिय नहीं हैं, तो करोड़ों के निर्माण कार्यों की निगरानी किस स्तर पर हो रही होगी। गणतंत्र दिवस जैसे गरिमामय अवसर पर सामने आई यह लापरवाही पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

### राष्ट्रीय ध्वज संहिता की अनदेखी

विशेषज्ञों के अनुसार ध्वजारोहण तिरंगे का पूर्ण सम्मान सही ढंग से फहराया जाना और उसकी गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। इस तरह की लापरवाही को संहिता की भावना के विपरीत माना जाता है। ऐसे मामले में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तैयार होनी चाहिए। जब एक कार्यालय के भौतिक रूप में सक्रिय न होने के आरोप पहले से मौजूद हो और राष्ट्रीय पर्व पर व्यवस्थागत लापरवाही सामने आए तो सवाल तो उठेगा ही। निर्माण कार्यों में मॉनिटरिंग गुणवत्ता नियंत्रण और वित्तीय अनुशासन किस स्तर का हो रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर शहीद के माता-पिता उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



राष्ट्रीय पर्वों पर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करना और उनके परिजनों का सम्मान करना हमारी परंपरा और संवैधानिक जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर लाल किले की प्राचीर तक शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है, वहीं देशभर में प्रशासनिक अधिकारी शहीदों के परिवारों तक पहुंचकर सम्मान स्वरूप शाल-श्रीफल भेंट करते हैं। लेकिन छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में इस बार गणतंत्र दिवस पर प्रशासन की संवेदनहीनता ने इस परंपरा को धूमिल कर दिया।

तामिया क्षेत्र के इकलौते शहीद, ग्राम खुलसान निवासी कृष्णकांत राठौर, जो 64वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (BSF) में पदस्थ थे, 6 अप्रैल 2020 को मणिपुर में उल्फा उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके इस अद्वितीय बलिदान पर क्षेत्र आज भी गर्व करता है। शहीद के माता-पिता नर्मदा प्रसाद राठौर (80 वर्ष) एवं सीताबाई राठौर (75 वर्ष) अब वृद्धावस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अब तक प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व पर प्रशासनिक अधिकारी उनके घर पहुंचकर सम्मान स्वरूप शाल-श्रीफल भेंट करते रहे हैं, जिससे शहीद के माता-पिता अपने पुत्र के बलिदान पर गौरव महसूस करते रहे। लेकिन इस बार बीते गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे दिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी शहीद के माता-पिता का सम्मान करने उनके घर नहीं पहुंचा। यह उपेक्षा उन्हें भीतर तक आहत कर गई। अगले दिन एक पटवारी अधिकारियों के कहने पर शाल-श्रीफल लेकर पहुंचे, जिसे परिजनों ने महज़ खानापूर्ति के रूप में देखा। पटवारी द्वारा जो तस्वीर ली गई वह भी शेयर नहीं की गई। केवल कागजी कार्यवाही के लिए पटवारी को भेजकर तस्वीर ली गई।

### कागजी खानापूर्ति

गणतंत्र दिवस बीत गया लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी शहीद माता पिता को सम्मान देने घर नहीं पहुंचा। यह उपेक्षा उन्हें भीतर तक आहत कर गई। अगले दिन अधिकारियों के निर्देश पर पटवारी शॉल श्रीफल लेकर पहुंचे। जिसे परिवार का सम्मान नहीं बल्कि खानापूर्ति के रूप में देखा गया।

### सम्मान या फाइल भरने की कवायद

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहीद परिवार का सम्मान कोई विभागीय लक्ष्य या फोटो सेशन नहीं, बल्कि राष्ट्र की ओर संवेदनहीनता और कृतज्ञता का प्रतीक है। इसके लिए भी अधीनस्थ कर्मचारी को भेजकर औपचारिकता पूरी की जाए तो यह प्रशासनिक संवेदनहीनता की श्रेणी में आता है। जवाबदेही तय होगी या नहीं यह तो समय बताएगा। परंतु शहीद माता पिता के आहत दिल पर मरहम कैसे लगाया जा सकता है। यह वह सवाल है जो अनुत्तरित है।

## तेंदुए का झुंड देखकर निडर छात्रा को तामिया रेंजर ने किया सम्मानित

तामिया रेंज की कुआं बादला सर्कल के ग्रामों के आसपास हिंसक वन्य प्राणी दिन के समय अक्सर देखे जा रहे हैं जिससे लोगों में भय व्याप्त है। लोगों को सावधानी बरतने के लिए तामिया रेंजर द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सतर्क रहने कहा है। लेकिन इन दिनों तामियां के आसपास हिंसक वन्य प्राणी तेंदुआ लोगों को दिख रहा है।



हिंसक वन्य प्राणियों का ग्रामीण क्षेत्र में आना चिंता का विषय है, लेकिन उनके कारण से विभाग अनजान है, क्योंकि कुआं बादला सर्कल के जंगल में कुछ महीनो से रेत के चक्कर में जंगल के भीतर रातभर ट्रैक्टरों की आवाजाही ज्यादा हो रही है। इसके शोरगुल से वो इधर-उधर भटक रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों पूर्व कुआँ बादला मिडिल स्कूल में सातबी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा कपूरी भारती जो अपने ग्रह ग्राम खुट्टी से स्कूल आती है, उसे रास्ते में हिंसक वन्य प्राणी तेंदुओं का झुंड सुनसान जंगल में दिखने के बाद भी उस छात्रा ने धैर्य नहीं खोया और एकांत चित वन्य प्राणियों पर नजर रखी और असाधारण साहस का परिचय देते हुए घर ना जाकर अपने स्कूल पहुंच जहां पर उन्होंने अपने शिक्षकों को पूरी घटना के बारे में बताया तो शिक्षकों ने उसकी कक्षा में ही वीडियो बनाया और उसके द्वारा हकीकत वयां की गई। सोशल मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से जब तामिया रेंजर को जानकारी लगी तो उन्होंने उस छात्रा को गणतंत्र दिवस पर रेंज ऑफिस कार्यालय में परिवार के साथ बुलवाया और छात्रा को उपहार के साथ प्रशस्ति पत्र उनके द्वारा दिए जाने वाले इस प्रशस्ति पत्र का मूल उद्देश्य है कि लोग हिंसक वन्य प्राणी सामने आने पर धैर्य ना खोये तामिया रेंजर द्वारा छात्र को आसपास के ग्रामीणों को सुरक्षा इनके साहस के कारण मिल सकी उनके ईसी साहसिक कार्य के लिए छात्रा को वन विभाग द्वारा सम्मान के साथ प्रशस्ति पत्र किया जाता है।

## सड़क पर बैठी गाय कार में ठूंस कर लें गए तस्कर



**पांढुर्णा।** बीती 25 जनवरी की रात 3 बजे स्थानीय श्रीराम मार्केट से एक गाय को कार में डालकर गोवंश तस्करी किए जाने का मामला सामने आया है। श्रीराम मार्केट में एक कपडे की दुकान के सीसीटीवी में यह गोवंश तस्करी रिकॉर्ड हुई है। शहर के हिंदू संगठनों ने गोवंश तस्करी के नित्य नए तरीके सामने आने पर प्रशासन के सामने विरोध जताते हुए मामले की जांच करने की मांग की है।

## हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**बिछुआ।** बिछुआ विकास खंड में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विकास खंड के समस्त शासकीय एवं निजी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे सम्मान और गौरव के साथ फहराया गया।गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति निष्ठा और संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया।इस अवसर पर आयोजित समारोहों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आकर्षक झलक देखने को मिली। स्कूली बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सराहा। कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण किया गया।समारोह के दौरान वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान की महत्ता, नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की प्रेरणा देता है।पूरे बिछुआ विकास खंड में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा। तिरंगे की शान, देशभक्ति नारों की गूंज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जनमानस में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत किया।

## बोरगांव क्षेत्र में दो आंगनवाड़ी भवनों का हुआ लोकार्पण

**बोरगांव।** ग्राम पंचायत बोरगांव में बच्चों के सुनहरे भविष्य और बेहतर सुविधाओं की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।यहाँ आंगनवाड़ी क्रमांक-3 और ग्राम जामलापानी स्थित नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवनों का विधिवत लोकार्पण संपन्न हुआ।महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत लगभग 11.22 लाख रुपये की लागत से ग्राम पंचायत द्वारा इन आधुनिक भवनों का निर्माण कराया गया है।लोकार्पण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे, पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नाना मोहोड ने फीता काटकर भवनों का उद्घाटन किया ओर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की सराहना की। इस दौरान आंगनवाड़ियों के लिए लगभग 1.30 लाख रुपये मूल्य की सामग्री भेंट की। इसमें बच्चों के बैठने हेतु टेबल-कुर्सी, आधुनिक शैक्षणिक किट, खेलकूद सामग्री चित्रकला सामग्री शामिल है।ग्राम सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान युवा उद्योगपति वामन ठोंबरे,हर्षल ताजने का पंचायत की ओर से आभार व्यक्त किया गया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य नीलिमा पाटिल, जनपद अध्यक्ष संजय भुते, उद्योगपति मोहन ताजने, जोतेंद्र पटेल,जनपद सदस्य डॉ. गमे उपसरपंच घनश्याम कालबांडे, प्रभाकर बोबडे, प्रदीप कालबांडे, तिनखेड़ा सरपंच हरि धुर्वे,सचिव कैलाश जिवतोडे आदि थे।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में पूरी गरिमा, उमंग और हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया ।

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली । प्रभारी मंत्री श्री सिंह के राष्ट्रीय ध्वज फहराते ही पुलिस परेड ग्राउण्ड जन-गण-मन अधिनायक.... की गूंज से गुजांयमान हो उठा। प्रभारी श्री सिंह ने खुली जीप में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय एवं परेड कमांडर श्री आशीष तिवारी के साथ परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। जिसके बाद मंत्री श्री सिंह ने प्रदेश की जनता के नाम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर उन्होंने नील गगन में हर्ष और खुशी के प्रतीक रंगीन गुब्बारे छोड़े। समारोह में हर्ष फायर एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत की गई। मार्च पास्ट के बाद सभी 11 प्लाटून कमांडर से परिचय प्राप्त किया। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा जिले के वीर अमर शहीदों के परिजनों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से वंदन, अभिनंदन भी किया गया।

मुख्य समारोह में 2 स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन और 5 शैक्षणिक संस्थाओं/स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा मनोहारी वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। फर्स्ट स्टेप हायर सेकंडरी स्कूल छिंदवाड़ा और पोडार इंटरनेशनल स्कूल छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने शारीरिक गतिविधियों और स्वास्थ्य शरीर के महत्व को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित करते हुए व्यायाम का सामूहिक प्रदर्शन किया।

### नगर पंचायत न्यूटन चिखली में 26 जनवरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# होर्डिंग्स हटाने को लेकर अध्यक्ष और पार्षद में नोक झोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



नगर पंचायत न्यूटन चीखली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोडिंग सताने को लेकर परिषद अध्यक्ष और पार्षद के बीच की नोक झोक हो गई इस मामले में पुलिस को भी हस्तक्षेप करना पड़ा पार्षद ने अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज करने की पुलिस से मांग की है ।

गौरतलब है , कि नगर पंचायत न्यूटन चिख ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था । जिसमें पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु 25 जनवरी की रात टेंट लगाकर साज सज्जा की गई । इसी रात वार्ड 9 के पार्षद जयंत राय के द्वारा प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री और भारत माता की फोटो के साथ खुद का फोटो युक्त होर्डिंग टेंट की मुख्य द्वार पर लगाया गया ।

जिस पर परिषद के कुछ पार्षदों द्वारा आपत्ति जताने के बाद कार्यक्रम के दिन अध्यक्ष द्वारा हटाए जाने की बात पर पार्षद जयंत राय और अध्यक्ष अनुपमा राय के बीच हुई नोंक झोंक बढ़ती देख पुलिस को सूचना दी गई । जिसके बाद पुलिस भी मौके पर आई और दोनों को समझाया गया । इसके बाद कार्यक्रम शुरू हुआ ।

हालांकि होर्डिंग अपनी जगह लगे रहे । इस मामले में पार्षद जयंत राय कहना है, कि अध्यक्ष के द्वारा देश के प्रधानमंत्री , प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारत माता के फोटो युक्त होर्डिंग्स को हटाए जाने का प्रयास इन महानुभवों के प्रति अपमान को प्रदर्शित करता है । उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस में की है ।

दमुआवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संकलनकर्ता- दुर्गा सिंह राजपूत, नवेगांव, हेमराज गाढे, दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ
प्राचार्य
श्रीमति रश्मिदास
एवं समस्त प्रोफेसर स्टॉप अधिकारी कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण

ब्लाक कांग्रेस कमेटी, जुन्नारदेव
ब्लाक कांग्रेस कमेटी, तामिया
ब्लाक कांग्रेस कमेटी, नवेगांव
ब्लाक कांग्रेस कमेटी, दमुआ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोरावाड़ी खुर्द झरना
प्राचार्य
श्री सुनील सिलावट
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकागण और अधिकारी कर्मचारी बन्धु विद्यार्थीगण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्दन
प्राचार्य
श्री रमाकान्त दुबे जी
एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका अधिकारी कर्मचारी विद्यार्थीगण

जनपद पंचायत जुन्नारदेव
श्रीमती सविता बोसम अध्यक्ष
गोवर्धन यदुवंशी उपाध्यक्ष
रश्मि चौहान सी.ई.ओ.
एवं समस्त जनपद सदस्यगण और अधिकारी कर्मचारीगण

अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य
राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भोपाल
गुरुचरण खरे
छिन्दवाड़ा दमुआ घोड़ावाड़ी

## 16-16 घंटे चलेगा तो खराब होगा ही : वेकोली अधिकारी

# एक माह से बंद मेन राइडर, नेहरिया कोयला खदान में उत्पादन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कालरी क्षेत्रों में भूमिगत कोयला खदानों में मेन पावर के खदान के अंदर आने - जाने के लिए मेन राइडर लगाए गए हैं । ताकि कामगार आसानी से और समय पर खदान के अंदर कार्य स्थल पर पहुंच सकें , लेकिन नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में करोड़ों की लागत से लगाया गया मेन राइडर महीने भर से बंद पड़ा है , जिसके चलते कामगारों को पैदल खदान के अंदर आना - जाना पड़ रहा है , जिसके चलते कार्य समय पर शुरू नहीं हो पा रहा है और कोयला उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है । जबकि इसके मेंटेनेंस के



लिए 4 नियमित और 5 ठेका कामगार निर्धारित हैं और हर साल मेंटेनेंस के लिए लाखों का ठेका भी होता है । इस मामले में श्रमिक संगठन इंटक नेहरिया शाखा के पदाधिकारियों ने चिंता व्यक्त करते हुए खदान प्रबंधक शशिकांत साहू को लिखित शिकायत दी है और स्तिथि से अवगत कराते हुए समस्या को जल्द ठीक कराने की मांग की है , साथ ही जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है । इंटक नेता मनोज तिवारी कहते हैं , कि मेन राइडर साल भर में औसतन 6 महीने बंद रहता है , जबकि यह नियमित चालू रहे इसके लिए प्रबंधन लाखों खर्च करता है , लेकिन खदान में पदस्थ जवाबदार अधिकारियों की लापरवाही से कोई भी काम सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पाते हैं । श्री तिवारी का कहना है , कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए , क्योंकि ऐसी लापरवाहियों के चलते कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है ।



### 16 - 16 घंटे चलेगा तो खराब होगा ही

वेकोली अधिकारी SO E & M श्री अन्नामलई ने इस मामले में बताया कि सभी भूमिगत कोयला खदानों में जहां भी मेन राइडर का उपयोग हो रहा है , वह केवल शिफ्ट वाइज होना चाहिए , लेकिन देखने में आया है , कि नेहरिया में मेन राइडर का उपयोग 16 - 16 घंटे किया जा रहा है , तो वह बार - बार खराब हो रहा है । उसे जल्द ही ठीक कराया जाएगा , साथ ही मेन राइडर के नियमानुसार उपयोग के निर्देश भी दिए गए हैं ।

## शासकीय कॉलेज दमुआ में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास द्वारा ध्वजारोहण कर की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया।इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संविधान में निहित मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं राष्ट्र सेवा के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जयघोष एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ श्री नीरज कुमार सल्लाम,श्री राजकुमार कुशवाहा, डॉ. विमल कुमार कौशले, डॉ. दिलीप ढोबाले, डॉ. पुष्पा मौर्य, सुषमा टांडेकर, घनश्याम मालवीय, डॉ. राजेश कुमार लोखंडे, डॉ सरिता पाल, श्री गोरी शंकर घोरे, डॉ. विनिता धुर्वे, वैभव पाटिल,कंचन चंद्रवंशी, इंद्रा पाटिल, दिनेश इवनाती, महेश भारती, मोरेश्वर कराड़े, संदीप चंदेल, सुखमन भारती, ढोंदू तेकाम और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने की अम्बेडकर प्रतिमा और परिसर की सफाई



**परासिया :** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर परासिया अधिवक्ताओं ने थाने के सामने स्तिथ संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा और परिसर की सफाई की । अधिवक्ता संघ के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया जाना था । जहां पहुंचने पर परिसर पर गंदगी पसरी मिली तो अधिवक्तागण खुद ही सफाई करने लग गए । इस मामले में अधिवक्ताओं ने नगरपालिका की उदासीनता की निंदा भी की । इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्याम साहू , उपाध्यक्ष अशोक मालवीय , कोषाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , अधिवक्ता हेमंत सोनी , विकास राय , बी डी सूर्यवंशी , सराठे सहित अन्य अधिवक्ता साथी उपस्थित थे ।

### गणतंत्र दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**परासिया :-** कोयलांचल परासिया के सभी क्षेत्रों में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर जगह - जगह विभिन्न कार्यक्रम हुए । विभिन्न स्कूलों , निकाय कार्यालयों , पंचायत आदि में ध्वजा रोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम , सम्मान कार्यक्रम आदि हुए । इसी कड़ी में पेंच कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय परासिया में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें वेकोली पेंच - कन्हान के बेहतरीन कामगारों को सम्मानित किया गया । कामगारों और अधिकारियों के बीच रस्साकशी का खेल हुआ । जिसमें कामगार जीते । वहीं सी आई एस एफ के जवानों ने आपातकालीन स्तिथि से निपटने का डेमो दिखाया । कार्यक्रम में वेकोली अधिकारी , श्रमिक संगठन पदाधिकारी अलाउद्दीन खान , रामकेरा यादव , मीर हसन आदि मुख्य रूप से शामिल हुए ।



## जिला माली समाज की महिला कार्यकारिणी ने मनाया हल्दी कुमकुम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माता मंदिर बरारीपुरा छिंदवाड़ा मे 25 जनवरी दिन रविवार को हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें समाज की महिला कार्यकारिणी एवं समाज की महिलायें उपस्थित रही। इस अवसर पर महिला कार्यकारिणी द्वारा उपस्थित सामाजिक महिलाओं को हल्दी कुमकुम एवं भेंट देकर स्वल्पाहार कराया । कार्यकम में मुख्य रूप से अनिता चरपे, लक्की चोरकर, शुभांगी घोरसे, माधुरी सेमेकार, वर्षा भुसानकर, लक्ष्मी दास, मनोरमा सातपुते, रंजना सातपुते, रेखा आलोनकर, संगीता आलोनकर, संगीता चरपे, सविता माटे, पूजा घोरसे, स्वाति घोरसे, सोनाली भगत, मीराबाई बाडबुदे, माया घोरसे, चन्द्रकला घोरसे, ज्योति नारेकर, उर्मिला घोरसे, शीला चरपे, नवी दास, प्रियंका नारेकर, संगीता घोरसे, खुशबू चरपे, ममता भुसान, रेखा चरपे, संगीता दोड़के, माया सातपुते, माया घोरसे, रेखा भुसानकर, नलिनी घोरसे, सोनाली दास, किरण दास, माधुरी आलोनकर, पार्वती बाई आलोनकर, दिशा बाड़बुदे, उमा बाड़बुदे, किरण सातपुते सहित अन्य सामाजिक महिलायें उपस्थित थी ।

## 77 वें गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों हुए पुरूस्कृत



हरिभूमि

न्यूज ▶▶ परासिया

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के इस पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ अनेक कार्यक्रम हुए जिसमें संस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया ।जनपद पंचायत परासिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरारिया में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मैं विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंचायत कार्यालय भवन में सरपंच मोहन कहार ने झंडा बंदन किया इसके बाद हाईस्कूल में प्राचार्य देवेंद्र कुमार धुर्वे द्वारा झंडा बंदन कर राष्ट्रीय गान के पश्चात गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।बरारिया में पंचायत और हाईस्कूल द्वारा सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लाह के साथ

## दसवीं में टॉपर शाहीन अंसारी को पंचायत किया पुरस्कृत

ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार ने शिक्षा सत्र 2024 -25 में हाईस्कूल परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर पास होने वाले विद्यार्थियों को 700 0रू नगद एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा ।ग्राम मैनावाडी की होनहार छात्रा बरारिया हाईस्कूल में 95. 8 प्रतिशत अंक लाकर शाला और ग्राम पंचायत को गौरवान्वित किया है। शाहिन अंसारी स्वयं इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई और उन्हें सम्मानपूर्वक मंच में स्थान दिया गया सरपंच मोहन कहार और पंचोने 7000रु एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक मुनीम लाल यदुवंशी ने भी अपनी घोषणा के अनुरूप 5000रू का नगद पुरस्कार दिया ।शाला परिवार में भी 1100 रू का पुरस्कार दिया। शिक्षक नरेंद्र बरखानिया ने भी शाहिन अंसारी को,नगद राशि दिया । ।इस अवसर पर छात्र शाहीन अंसारी जो नागपुर में शिक्षारत है उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार अध्ययन और कठिन परिश्रम से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने हाईस्कूल के विद्यार्थियों को लगन से पढ़ने और अच्छे अंक से पास होने के लिए अपने अनुभव सुनाए ।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने मनाया 77 वा गणतंत्र दिवस



**भुआबिछिया।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय बिछिया में प्रतिवर्ष अनुसारइस वर्ष भी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने झंडा फहराया एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य जोश सिंह ठाकुर शिवानंद गोस्वामी दादू लाल जंघेला का साल श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

### आवंटित स्थल पर पेंशनर समाज ने किया ध्वजा रोहण



**भुआबिछिया।** पेंशनर समाज भुआ बिछिया द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास से नवीन स्थल में मनाया गया. प्रातः 09 बजे अध्यक्ष आजाद चौबे, पूर्व अध्यक्ष एम. एल. उइके, गर्जन सिंह मरावी, विनोद चौबे द्वारा ध्वजा रोहण किया गया. पश्चात राष्ट्र गान एवं झंडा सलामी दी गई. कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी कार्तिकेय, गर्जन सिंह मरावी, बी. एल. मार्को द्वारा राष्ट्र गीत गये गये. उदय सिंह उइके, अशोक ज्योतिषी नें अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में बी. एल. उइके कोषाध्यक्ष, एमएल. सोनी सचिव तथा सेकड़ो की संख्या में पेंशनर सम्मलित हुए।

## पुलिस लाईन मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# प्रभारी मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

*** शानदार हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व जिला मुख्यालय पुलिस लाईन मैदान मंडला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर (झंडा वंदन) किया और राष्ट्रगान गाया। उन्होंने परेड निरीक्षण कर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। उन्होंने हर्षफायर, मार्चपास्ट एवं परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा जन-गण-मन की धुन प्रस्तुत की गई और



मध्यप्रदेश गान हुआ। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने सफेद, केसरिया एवं हरे रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़े। समारोह में शामिल सभी दलों ने हर्ष फायर के पश्चात अपने सधे कदमों से शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। मंच के सामने से गुजरते हुए इन दलों ने राष्ट्रभक्ति, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल को सभी दलों के कमांडरों ने अपना परिचय दिया।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र सुरक्षा बल, होमगार्ड, एनसीसी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, पुलिस बैंड मंडला, सीनियर एनसीसी रानी अवंती बाई, स्काऊट मॉन्टफोर्ट स्कूल, रेडक्रॉस सोसायटी, स्काऊट ज्ञानदीप स्कूल, नगर रक्षा समिति के द्वारा परेड की गई। मॉन्टफोर्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा बैंड पर सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत गाया गया।



### देशभक्ति और लोकगीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और लोकगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं के कार्यक्रमों ने उपस्थित जन समुदाय का मनमोह लिया। तालियों की आवाज से पूरा पुलिस लाईन मैदान झूम उठा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। जिसमें रानी अवंती बाई स्कूल को प्रथम, ज्ञानदीप इग्लिश मीडियम स्कूल और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को द्वितीय तथा भारतज्योति विद्यालय को तृतीय और एकीकृत हाईस्कूल वरिष्ठ मूलशाला मंडला को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में प्रस्तुत परेडों में जिला पुलिस बल मंडला को प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को द्वितीय और विशेष सशस्त्र बल मंडला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार से अनआर्म्ड प्लाटून के तहत सीनियर डिविजन आरडी कॉलेज मंडला को प्रथम, पुलिस बैंड मंडला को द्वितीय और वन विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एनसीसी एवं स्काऊट गाईड में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी अवंती बाई को प्रथम, महाराजपुर क्रमांक-2, मोंटफोर्ट को द्वितीय तथा जूनियर डिविजन एक्सीलेंस स्कूल मंडला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य प्लाटून में सौर्य दल प्रथम, रेडक्रॉस द्वितीय और नगर रक्षा समिति को तृतीय स्थान मिला। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी को प्रमाण पत्र वितरित किए।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में जिले के लोकतंत्र सेनानियों को प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल द्वारा शॉल, श्रीफल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया।

## नर्मदा जयंती पर मण्डला में निर्झरणी महोत्सव का भव्य आयोजन



*** माहिष्मती घाट पर भजन संध्या में कलाकारों ने बांधा समां।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मण्डला के ऐतिहासिक माहिष्मती घाट पर निर्झरणी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में आस्था, संगीत और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भजन संध्या में रीवा जिले की प्रसिद्ध कलाकार मुकुल सोनी एवं उनकी टीम तथा लीला नाट्य प्रस्तुति सिवनी के आशीष पटेल एवं उनकी टीम ने अपनी मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओं और दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने सभी का मंगल सभी का जस, जिस भजन में राम का नाम ना हो जैसे भजन गाकर अपनी प्रस्तुतियां दी।

निर्झरणी महोत्सव के इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मंत्री श्रीमती उईके, प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल, सांसद श्री कुलस्ते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया।

निर्झरणी महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन की सराहना की गई। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिलेभर में प्रारंभ हुआ व्यापक हेलमेट चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस द्वारा निरंतर जनवरी माह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी श्री सकलेचा द्वारा जिला मुख्यालय थाना कोतवाली क्षेत्र में हेलमेट चेकिंग अभियान का नेतृत्व किया गया। मंडला जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी व्यापक हेलमेट चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। मंडला पुलिस द्वारा जनवरी माह में जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वेच्छा से हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। गरीब एवं आर्थिक रूप से असमर्थ वर्ग के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि वे हेलमेट क्रय कर सकें तथा व्यवसायिक सहयोग से हेलमेट की उपलब्धतांडला पुलिस द्वारा 26 जनवरी 2026 के बाद बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में 28 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, सिवनी की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास के समक्ष रखें, ताकि उनका निराकरण किया जा सके।

### म.प्र. राज्य वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल का दौरा कार्यक्रम

**सिवनी,/** म.प्र. राज्य वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) प्राप्त अधिकृत दौरा कार्यक्रम के अनुसार 28 जनवरी को सिवनी पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रमानुसार अध्यक्ष डॉ. पटेल 28 जनवरी को प्रातः6.20 बजे भोपाल से सिवनी पहुंचेंगे। अध्यक्ष डॉ. पटेल 28 जनवरी को प्रातः 10 बजे वक्फ दरगाह जियारत एवं प्रातः 10:30 बजे वक्फ कब्रस्तान का निरीक्षण करेंगे। अध्यक्ष डॉ. पटेल दोपहर 01:30 बजे वक्फ छोटी मस्जिद काम्प्लेक्स के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे।

# देशभक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

जिले में 77वां गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड, सिवनी में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और जोशीले वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के साथ ही पूरा स्टेडियम भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से गूंज उठा।

झंडा वंदन उपरांत मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता के साथ परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि श्री वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। वाचन पश्चात हर्ष और उल्लास के प्रतीक स्वरूप रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

कार्यक्रम में पुलिस बैंड की जोशीली धुन पर सूबेदार गौरव सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, होम गार्ड, वन विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस दल सहित कुल 24 प्लाटून दलों ने अनुशासन, शौर्य और समर्पण का शानदार परिचय देते हुए आकर्षक मार्च-पास्ट का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने प्लाटून कमांडरों से परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद परिवारजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, महर्षि विद्यालय, माता सबरी आवासीय विद्यालय, संदीपनि विद्यालय एवं पीएम श्री विद्यालय सिवनी के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि के साथ सराहा।

मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा मुंडा जलाशय सिंचाई परियोजना पर केंद्रित सजीव झांकी प्रस्तुत की गई।

इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम, पशुपालन विभाग द्वारा भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा गिफ्ट अ डेस्क अभियान, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा कृषि कल्याण वर्ष एवं उन्नत कृषि यंत्रों पर केंद्रित झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कृषि विभाग, द्वितीय पुरस्कार जनजातीय कार्य विभाग तथा तृतीय पुरस्कार जिला शिक्षा केन्द्र को प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संदीपनि विद्यालय सिवनी, द्वितीय पुरस्कार माता सबरी आवासीय शिक्षा परिसर तथा तृतीय पुरस्कार पीएम श्री विद्यालय को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिले में उत्कृष्ट, सराहनीय एवं अनुकरणीय सेवाएं प्रदान



करने वाले कुल 184 अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मार्चपास्ट के लिये भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्लाटून भी सम्मानित हुए।

समारोह में विधायक दिनेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### न.पा. अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने नगर पालिका कार्यालय एवं उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर ने शुक्रवारी चौक में फहराया तिरंगा

77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में ज्ञानचंद सनोडिया न.पा. अध्यक्ष द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं समस्त नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाऐं दी गई इसके पश्चात मान. मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन किया गया।

इसके पश्चात गांधी मंच शुक्रवारी चौक में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती डाली अमित डागौर जी द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं भारत के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की नगर वासियों को शुभकामनाऐं दी गई। तदोपरांत मंचासीन गुरूनानक वार्ड पार्षद श्री राजिक अकील जी के द्वारा सिवनी नगर के नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दी गई। उक्त कार्यक्रम में निकाय के पार्षदगण नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पुलिस पेंशनर्स संघ ने हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

जिला पुलिस पेंशनर्स संघ सिवनी द्वारा 26 जनवरी को 77 वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व पुलिस पेंशनर्स संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

रमाकांत ठाकुर (संगठन सचिव) ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीआईजी पी.एस. उईके रहे। प्रोटोकॉल के अंतर्गत पुलिस पेंशनर्स संघ के अतिरिक्त जिला अध्यक्ष दिलीप डहरवाल द्वारा तथा अरशद खान एवं श्याम सिंह धुर्वे द्वारा मुख्य अतिथि को उनके बंगले से पुलिस पेंशनर्स कार्यालय सिमरिया तक सम्मानपूर्वक मोटरसाइकिल पायलटिंग करते हुए लाया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस पेंशनर्स कार्यालय सिमरिया में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इसके पश्चात विधिवत समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त डीपीओ खंडिलकर तथा विशेष अतिथि सेवानिवृत्त निरीक्षक गंगाराम चंद्रवंशी उपस्थित रहे। वहीं संघ की विचारधारा से जुड़े विशेष अतिथि राजेंद्र गिरी एवं महेश कुमार मनेश्वर की भी गरिमामय उपस्थिति रही।

### अरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**अरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरी के प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र पटले द्वारा 7.30 ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा महापुरुषों की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई जिस ग्राम वासियों द्वारा खुले मन से सराहा गया। प्रभात फेरी के पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों एवं 12वीं तक अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहन प्रस्तुति दी गई जिसे उपस्थित आगंतुक जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों द्वारा बच्चों का खुले मन से उत्साह वर्धन किया गया साला की शिक्षिकाएं द्वारा इन छात्र-छात्राओं को अच्छे तरीके से तैयार किया गया जिसमें भारती केहरी उषा रंग डाले शबनम खान का विशेष सहयोग रहा मंच का संचालन शिक्षक के के ठाकुर द्वारा किया गया अन्य गतिविधियों में शिक्षक जेपी शरणागत सुरेश उइके रेवेन्द बोपचे का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तम चंद बोपचे सरपंच द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप यादव विशिष्ट अतिथि नेमीचंद बोपचे रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही साल में खेलकूद में भाग लेने वाले अच्छे खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया तत्पश्चात उपस्थित जनसमुदाय एवं छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में तरुण हरिन खेड़े नेमीचंद बोपचे दिलीप यादव उत्तमचंद बोपचे द्वारा संबोधित किया गया इस अवसर पर जनपद सदस्य रेखा भलावी टूप सिंह पटले तिवारी नाथ चौहान सुखचंद पटले उमाशंकर चौधरी मदन लाल भगत शिवनाथ चौधरी सहित पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष सदस्य नंदकिशोर

# 77 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में 45 कर्मचारियों- समाज सेवा से जुड़े व्यक्तियों एवं सफलता प्राप्त करने वाले सम्मानित

**केवलारी।** घने कोहरे के बाद भी गणतंत्र दिवस मनाने के लिए उत्साह में कोई कमी नहीं थी सभी विभाग प्रमुखों ने अपने अपने कार्यलयो मे ध्वज रोहण किया उसके पश्चात सामूहिक मुख्य कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। ध्वजारोहण रंजीत सिंह ठाकुर जनपद अध्यक्ष नेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। विभागों के द्वारा प्रदर्शित की गई झांकियो में जनजाति कार्य विभाग ने प्रथम स्थान ,कृषि विभाग ने द्वितीय स्थान, नगर परिषद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थाओं के द्वारा दिए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनजाति कार्य विभाग ने प्रथम, संदीपनि विद्यालय ने द्वितीय ,सरस्वती शिशु मंदिर में तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। बर्ष 2025 के घोषित परीक्षा परिणामों में कक्षा दसवीं बोर्ड में रेशमा गौतम ,पीयूष ठाकुर एवं कक्षा 12वीं में ओमप्रकाश राजपूत ने प्रदेश में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर के प्रशासन सम्मानित किया। सफलता की कहानी में राज्य परीक्षा से चयनित हुये क्षेत्र के पलाश तिवारी अस्सिटेंट प्रोफेसर, निकिशा बघेल संयुक्त संचालक वित्त ,आरती कुर्वेती डीएसपी पद पर चयनित होने पर उनका भी सम्मान किया गया। इसी तरह समाज सेवा से जुड़े अन्ना उर्फ राजेश अवधिया सहित स्थानीय प्रशासन के 45कर्मचारीयों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदत्त किया गया। विनीता बघेल एनसीसी आफिसर की अगुवाई मे



रंजीत सिंह ठाकुर जनपद अध्यक्ष, श्री मति सुनीता देवी सिंह बघेल नगर परिषद अध्यक्ष, महेश अग्रवाल एसडीएम, अशीष भराडे एसडीओपी ने परेड की सलामी ली।

मंच की गरिमा में हमेशा होता है प्रहार ऐसा क्यों? आयोजित मुख्य कार्यक्रम के मंच में फोटो काल के अनुसार रंजीत सिंह ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत,श्रीमति सुनीता देवी सिंह बघेल अध्यक्ष नगरपरिषद ,श्रीमति मोतन बाई चौधरी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, अनुप बघेल भाजपा मंडल अध्यक्ष, सुभाष



बघेल ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, एसडीएम महेश अग्रवाल, एसडीओपी आशीष भराडे के लिए कुर्सी लगी हुई थी ।लेकिन मंच पर दर्जनो लोग बैठ गये जबकि गणमान्य नागरिकों के लिए मंच के वाये साइट कुर्सीयां लगायी गयी थी ।ऐसे मंच में अनगिनत लोगों को बैठाकर क्या संदेश दिया जा रहा है यदि सबको मंच में बैठने का शोक है तो नगर परिषद के अध्यक्ष के सीधे जनता से चुनाव होंगे फार्म भरकर मंच लायक वरीयता प्राप्त कर ले लेकिन मंच की गरिमा का ध्यान रखा जाये।

### 77 वां गणतंत्रता दिवस भाजपा कांग्रेस आमने सामने राष्ट्र के सम्मान में भाजपा कांग्रेस ने एकजुटता दिखाई

केवलारी .77वें रिपब्लिक डे पर समूचा राष्ट्र डा भीमराव अंबेडकर को याद कर गणतंत्र पर्व को माना रहा है।वही देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों भी अपने.अपने संस्थाओं पर राष्ट्रध्वज पहरा कर राष्ट्र का सम्मान करने की परंपरा पिछले 77 वर्षों से चला रही है ।नगर में भी 26 जनवरी 2026 को सुबह 8 वजे राष्ट्र के प्रति समरूपता का भाव देखने को मिला ए बीजेपी और कांग्रेस जो विचारो मे जमीन आसमान का अंतर का भाव रखती है।लेकिन भाजपा ओर कांग्रेस का कार्यालय आमने.सामने होने से भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण होने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के सम्मान में भाजपा कार्यालय मे पहुंचकर ओर भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय में पहूंचकर ध्वज रोहण कर एक दुसरे को बधाई देकर एकरुपता का परिचय दिया।

# स्वर्गीय श्री अभय निगम की कर्मभूमि पर शेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल में गणतंत्र दिवस एवं 'फूडस्टॉल' कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

स्वर्गीय श्री अभय निगम की कर्मभूमि पर स्थित शेमरॉक जैक एंड जिल स्कूल, सिवनी में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रंगारंग एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के पहले दिन नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, भाषण एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें




उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यालय में फूड स्टॉल (फूड्स कॉर्नर) का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने स्वयं स्टॉल सजाए, खाद्य सामग्री तैयार की और विक्रय प्रक्रिया को समझते हुए आत्मनिर्भरता का प्रेरणादायी परिचय दिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती शेफाली अभय निगम ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, व्यवहारिक ज्ञान एवं आत्मनिर्भर बनने की भावना को मजबूत करते हैं। हमारा उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी अभिभावकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### दूधिया रोशनी में पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आयोजन

# लीग मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और गेंदबाजी का नजारा देखने मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मिशन स्कूल ग्राउंड में खेली जा रहे पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के आज दूसरे दिन के नाईट मैचों की श्रृंखला में दूधिया रोशनी के बीच पहला मुकाबला सिटी बायज और जैस 11 के बीच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले उपस्थित रहे। सिटी बायज ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 136 रन बना पाई। टीम सिटी बायज की ओर से रिजवान ने 23 गेंदों का सामना करते हुए 4 चौके और 8 छक्के की मदद से 70 रन बनाए वहीं सेफू खान ने 18 गेंद में 36 रन बनाए जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। टीम जैस की ओर से अरूण यादव ने 2 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिया उनका साथ देते हुए आसिफ खान अरी ने अपने 2 ओवर में 2 विकेट लेकर महज 19 रन ही खर्च किए। अगले चरण में 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम जैस 11 के ओपनर बल्लेबाजों में बलधर यादव और मन्नी चौरसिया ने धुआंधार पारी की शुरुआत करते हुए टीम को



मजबूती प्रदान की बलधर यादव ने 23 रनों का सामना करते हुए 80 रनों की बौछार कर डाली जिसमें 8 छक्के और 7 चौके शामिल रहे उनका साथ देते हुए मन्नी चौरसिया ने 11 गेंदों में 6 छक्के मारकर 37 रन बनाए इस जोड़ी कडक बल्लेबाजी की बदोलत जैस 11 ने यह मैच 7.4 ओवर में ही 3 विकेट खोकर अपने कब्जे में कर लिया? इस प्रकार टीम जैस 11 ने यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। सिटी बायज की ओर से राकेश बरमैया ने 2 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट अपने खाते में जोड़े। वहीं दूसरा जबरदस्त मुकाबला टीम सद्भाव और एमसीजी के मध्य खेला गया जहां टास जीतकर सद्भाव ने क्षेत्र रक्षण चुना पहले बेटिंग करते हुए टीम एमसीजी ने 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 121 रन बनाई वहीं दूसरी पारी में बेटिंग करते हुए टीम सद्भाव ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में महज 85 रन ही बना पाई इस प्रकार टीम एमसीजी ने यह मुकाबला 36 रनों से जीत लिया।

तीसरा मैच नाईट राइडर और जैस 11 के मध्य खेला गया इस मैच में जैस 11 ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और ओपनर बल्लेबाज के तौर पर बलधर यादव और मनीष चौरसिया ने धुआंधार शुरूआत की पहले ओवर में बलधर यादव ने लगातार चौके छक्कों की बारिश शुरू कर दी लेकिन मनीष चौरसिया 26 रनों की अपनी पारी में कैच थमा बैठे उनके स्थान पर सुनील सिंह ने भी धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 36 रन बनाए जबकि बलधर यादव ने 15 गेंदों में छह छक्के और दो चौकों की मदद से 46 रनों की पारी खेली और अपनी टीम का स्कोर 5 विकेट खोकर 139 रनों का खड़ा कर दिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाईट राइडर के खिलाड़ियों ने भी पूरे दमखम के साथ खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को रोमांचक बनाए रखा नाइट राइडर के खिलाड़ी मुकेश नागवंशी ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते करते हुए 50 रनों पारी खेली और अंततः रोमांचक मुकाबला जैस 11 ने जीत ही लिया। आज का चौथा और आखिरी मैच डीएससी और एमसीजी के बीच खेला गया।

### ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में सिव चैंपियनः केरला को 7-6 से हराया

**सिवनी।** देवरी में आयोजित आल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट सिवनी बॉयज स्पोट्र्स ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से केरला को पराजित कर चैंपियन का खिताब प्राप्त किया। जिसमे इस खिताबी भिंडत में 7-6 से हराकर फाइनल का सरताज बनने का गौरव प्राप्त किया । जबकि केरल में कुछ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे।

सिवनी का नाम रोशन करने एवं इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष डी.एल गौर, सचिव हाजी सोहेल पाशा ने टीम के कोच आसिफ लाल के मार्गदर्शन में खिलाने वाले खिलाड़ी असद खान, वही सभी शानदार खिलाड़ी चिक्कू,वाजिद,अदीब,अनुराग,पंकज,शाकिरबाबा,मेसी,दानिश, प्रहलाद,वाहिद,सोनू,शादाब,फैसल,सुशील,गोलू पीके, आसिम, फैसल बच्चा,अमन बारी,अलमास,साहिल,अयाज,विशाल सहित सभी खिलाड़ी,एवं समर्थकों को बधाई प्रेषित की गयी। शुरुआती दौर में दोनों टीम बराबर का प्रदर्शन किया पर अंतिम समय मे सिवनी ने बाजी मारकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में गवाह बने मंत्री नरेंद्र शिवा पटेल सहित हज़ारो की तादाद में दर्शकगण मौजूद रहे।

# अरी बफर रेंज में बाघ मादा शावक की हुई मौत

अरी बफर रेंज, पेंच टाइगर रिज़र्व में लगभग 5-6 माह आयु का एक बाघ मादा शावक कमजोर अवस्था में पाया गया ।

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

एआईटीई कैमरा ट्रैप रिकॉर्ड अनुसार पूर्व में इसी क्षेत्र में एक बाघिन के चार शावकों के साथ देखे जाने के मद्देनजर, मां बाघिन से रियूनियन की संभावना हेतु शावक को सुरक्षित रूप से उसी वन क्षेत्र में रहने दिया गया।

अगले दिन उक्त क्षेत्र में पुनः सर्चिंग करने पर शावक पाया गया परन्तु शावक की स्थिति को देखते हुए उसे पिंजरे में रेस्क्यू कर मीट व पानी उपलब्ध कराया गया तथा मां बाघिन से रियूनियन की संभावना हेतु उसी क्षेत्र में एआई कैमरों की निगरानी में रखा गया। किन्तु दिनांक 25 जनवरी 2026 उक्त शावक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और सुबह उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान वरिष्ठ पशु



चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मिश्रा द्वारा निमोनिया की संभावना व्यक्त की गई । इसके अतिरिक्त पिछल बाएं पैर में पुरानी चोट भी पाई गई। उक्त कारणों से संभवतः मां बाघिन द्वारा उक्त शावक को छोड़ दिए जाने की संभावना है।

पोस्ट मॉर्टम पश्चात निर्धारित एनटीसीए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए फील्ड डायरेक्टर, पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी की उपस्थिति में समस्त अंग पूर्णतः नष्ट होने तक भस्मीकरण की कार्यवाही की गई।

### राजश्री पैलेस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भव्य विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# संत सम्राट प्रज्ञानंद जी ने दिया सनातन एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

राजश्री पैलेस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। सम्मेलन में देशभर में विख्यात संत सम्राट प्रज्ञानंद जी महाराज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन से पूरा परिसर धर्ममय वातावरण से सराबोर हो गया।

अपने ओजस्वी और प्रेरणादायी उद्बोधन में संत सम्राट प्रज्ञानंद जी महाराज ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता, संस्कार और संस्कृति में निहित है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म




केवल पूजा-पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठ पद्धति है, जिसे प्रत्येक हिंदू को आत्मसात करना चाहिए।

उन्होंने समाज में बढ़ती वैचारिक भटकाव पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने धर्म, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के प्रति सजग रहें तथा राष्ट्र और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस विशाल सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को अभूतपूर्व बना दिया। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक उद्घोषों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। सम्मेलन के दौरान हिंदू एकता, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक जागरण पर विशेष रूप से बल दिया गया। आयोजन समिति द्वारा संत सम्राट प्रज्ञानंद जी महाराज का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता का भाव मजबूत होता है।

# उत्तर पायली में अनुभूति कैंप का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

वनमंडलाधिकारी महेंद्र उइके की गरिमामयी उपस्थिति एवं मुख्य अतिथि सुभाष यादव (घंसौर) के मुख्य आतिथ्य में अनुभूति कैंप का सफल आयोजन बीट क्रमांक आरएफएससीआई-737, उत्तर पायली में किया गया।

कार्यक्रम में वन रक्षक दिलीप अटल, वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री रुचि पटेल सहित वन विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथि सुभाष यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम ऐसे प्रदेश में रहते हैं जहाँ देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जंगल है तभी मंगल है। जंगल हमारी शान है और इसकी रक्षा हमारा अभिमान।



वनमंडलाधिकारी महेंद्र उइके ने विद्यार्थियों को बताया कि हमारा जिला एवं यहाँ की जलवायु अत्यंत शुद्ध है, जिसके कारण पर्यावरण संतुलन बना हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि शिकारा रेंज में दुर्लभ पक्षी ब्लैक वेंटेड टर्न एवं ग्रीन फाल्कन का दिखाई देना वन संरक्षण प्रयासों की बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वन दूत की शपथ दिलाकर वनों की रक्षा में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में संयुक्त वनमंडलाधिकारी गोपाल सिंह, उप वनमंडलाधिकारी मनेंद्र सिंह, उप वनमंडलाधिकारी राहुल शर्मा, प्रशिक्षक शिवानी बघेल एवं अनुराधा ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को जंगल भ्रमण कराते हुए प्रकृति दर्शन कराया गया।

संयुक्त वनमंडलाधिकारी गोपाल सिंह द्वारा वन प्रबंधन, बोल्डर चेक डैम, वन विभाग के जनक डॉ. ब्रेंडिस की प्रेरणादायी कहानी तथा मुनैरा के महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री रुचि पटेल ने विद्यार्थियों को जीवाश्म की जानकारी, जंगल में दीमक की भूमिका, पक्षियों द्वारा घोंसला निर्माण, चेक डैम एवं वन्यजीवों के प्रति मानवीय व्यवहार के विषय में विस्तारपूर्वक समझाया। विद्यार्थियों को वन दूत बनाकर शपथ दिलाई गई, जिससे उनमें वनों के प्रति आस्था एवं जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई। इस कार्यक्रम में हाई स्कूल बरेला, हाई स्कूल सारसडोल एवं हायर सेकेंडरी बरोदा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## कार्यक्रम के दौरान बड़ी घोषणा, अप्रैल से पानी मुफ्त, विद्यार्थियों को पंचायत परिसर में दिखाई जाएगी देशभक्ति फिल्म, वचन पत्र अनुसार बांटे ई-स्कूटी, लैपटाप, स्मार्टफोन, साईकिल

# विकास के लिए समर्पित वैभव ने कहा-गांव ही मेरा परिवार







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आदर्श ग्राम पंचायत गर्रा के ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के वचन पत्र अनुसार कक्षा 12वीं, 10वीं, 8वीं, 5वीं के छात्र छात्राओं को योग्यता अनुसार ई स्कूटी के समतुल्य राशि का चेक तथा लेपटाप स्मार्टफोन और साईकिल का वितरण क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के हस्ते कर दिया गया हैं। प्रतिवर्षानुसार गणतंद्घ दिवस की संध्या पर ग्राम पंचायत परिसर के सभामंच में संध्या 6 बजे एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें ग्राम गर्रा के शासकीय पाठशाला कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने भागीदारी निभाकर मंच में अपनी प्रतिभा बिखेरी। बड़ी-बड़ी अशासकीय संस्थाओं के तर्ज पर ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने शासकीय शालाओं में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम की व्यवस्था बनाई हैं। रात्रीकालीन कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ उनके माता पिता गांव के संपूर्ण नागरिक की भागीदारी देखी गई। हजारों की संख्या में दर्शकों ने कार्यक्रम लुप्त उठाया और ग्राम प्रधान को काफी की चुस्की लेते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बालाघाट विधानसभा की लाडली विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे का जोरदार अभिनन्दन व स्वागत किया गया।

मंच पर विधायक अनुभा मुंजारे के द्वारा बड़ी घोषणाएं की गई उन्होंने कहा कि अप्रेल माह से ग्राम प्रधान वैभवसिंह के द्वारा नल जल की राशि उपभोक्ताओं ने नहीं ली जाएगी। मुफ्त पानी प्रदान किया जाएगा वहीं सितम्बर माह के मध्य में देश भक्ति वाली फिल्में पंचायत परिसर में बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। एक शाला एक परिसर के तर्ज पर पूरा कार्यक्रम एक ही मंच पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम संचालन डॉ अशोक गुप्त, पत्रकार सलीम शाह, सचिव विकास मेश्राम के द्वारा किया गया।

कक्षा 12वीं 94.8 प्रतिशत की छात्रा माही चौहान 86.2 प्रतिशत को ई स्कूटी समतुल्य का चेक प्रदान किया गया वहीं माही की छोटी बहन मिताली चौहान को लेपटॉप फोन कक्षा 10वीं के लिए, वहीं कक्षा 8वीं पूर्वी मेश्राम 86.33प्रतिशत, गुंजन केकतीकर कक्षा 5वीं 88.5 प्रतिशत। कार्यक्रम के दौरान इनकी उपस्थिति विशिष्ट अतिथि के रूप में रहीं। विनोद नेमा, तोपेश चंदूलाल मानेश्वर, समाजसेवी दिलीप भेरम, श्रीमती मनीषा डार्सल भगत, पूर्व जप सदस्य रंजना चौहान, संजय गणेश बिसेन, सदस्य सलाहकार समिति गर्रा, रजत यादव तथा हजारों की संख्या में नागरिक गणमान्य उपस्थित रहें।





### शान से लहराया तिरंगा

गणतत्र दिवस के अवसर पर पंचायत परिसर में ग्राम प्रधान वैभवसिंह के द्वारा सुबह 7.15पर ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। वहीं बच्चों के द्वारा राष्ट्रगान किया गया। शाला परिसर से सभी विद्यार्थी क्रमबद्ध तरीके से ज्योतिबा फूले चौक पर पहुंचकर एकत्रित हुआ गया। समिति के द्वारा तय किए हुए समाजसेवी परमात्मा जलपान गृह गर्रा के संचालक राजेन्द्र धुवारे के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे की सलामी गई वहीं रानी अवंति चौक पर समाजसेवी तथा ग्राम गर्रा के पूर्व पंच शेषराम कुतराहे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण उपरांत ग्राम प्रधान वैभवसिंह के द्वारा रानी अवंति चौक पर समस्त छात्र छात्राओं और गणमान्य नागरिको को भरपेट आलू पोहा परोसा गया।

## नगपुरा शाउमावि में केरियर मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के जारी निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में पांच दिवसीय केरियर मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। केरियर मेला कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वी तक के समस्त विधार्थी सहभागी हुए। महर्षि संस्थान मुलताई से पहुंचे श्री गज अरविन्द एवं उनकी टीम ने केरियर से संबंधित विषयो पर विधार्थियों से चर्चा की व विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का भी उत्तर दिया गया। श्री गज अरविन्द जी द्वारा व्यक्तित्व मान-सम्मान, आत्मविश्वास, एवं तनाव प्रबंधन विषयो पर समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों का आभार संस्था प्रभारी चन्द्रपाल उके द्वारा किया गया। संस्था प्रभारी द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम कैसे प्राप्त करे व तनाव से दूर रहकर अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर देने विधार्थियों को समझाया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में समस्त संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## गणतंत्र दिवस पर दादाबाड़ी जैन उ. मा. विद्यालय में शान से लहराया तिरंगा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दादाबाड़ी जैन उ. मा. विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर भारत माता, दादागुरुदेव एवं महावीर स्वामी के पूजन वंदन कर संस्था सचिव श्री राजेश जैन जी के कर कमलों से ध्वजारोहण संपन्न हुआ बच्चों के राष्ट्रगान की गूंज एवं देशभक्ति के नारों से सारा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

पूर्व संस्था अध्यक्ष श्री अभय सेठिया जी, सदस्य अभिनव बाफना जी संस्था प्राचार्य सुश्री अलका चौधरी ने अपने वक्तव्य में गणतंत्र का महत्व उसके उद्देश्य और हमारे देश के प्रति कर्तव्य निष्ठा के बारे में अपनी बात कही I तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का सम्मान किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किए I कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती लक्ष्मी उके उपप्राचार्य द्वारा किया गया।

इस अवसर पर दादाबाड़ी शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कांकरिया जी, सदस्य संकेत सुराना जी, श्रीमती मंजू सेठिया जी दादाबाड़ी जैन स्कूल का



समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे। आज मुलना स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शाला के 100 बच्चों ने देशभक्ति की थीम पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

## 9 जनवरी को जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में भारत शासन की महत्वकांक्षी योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 29 जनवरी को जिला चिकित्सालय बालाघाट परिसर में संचालित डीईआईसी में हृदय रोग से पीड़ित जन्मजात बच्चे जिनकी उम्र जन्म से 18 वर्ष तक की है के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने बताया कि यह शिविर में केवल जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहेगा, जिसमें मैट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के डॉक्टर के एल उमा माहेश्वर शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में बालाघाट जिले के 10 विकासखंडों के हृदय रोग से चिन्हांकित लगभग 100 बच्चों को बुलाया गया है। इसके साथ ही ऐसे बच्चे भी इस शिविर में आ सकते हैं जिनको हृदय रोग की समस्या है या उनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है। शिविर में उनका फॉलोअप भी किया जाएगा एवम शिविर मैं सभी बच्चों की निःशुल्क इको जांच भी की जाएगी। शिविर के लिए आवश्यक तैयारियों का जिम्मा राजाराम चक्रवर्ती जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक को सौंपा गया है।

## पी एम श्री स्कूल माटे में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।



पी.एम. श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माटे, विकासखंड किरनापुर, जिला बालाघाट में 23 एवं 24 जनवरी 2026 को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।23 जनवरी 2026 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 24 जनवरी 2026 को खेल महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी रहे। कार्यक्रम के संरक्षक श्री गणेश प्रसाद सोनी विकास खण्ड शिक्षा आधिकारी किरनापुर उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में माननीय सुश्री हीना लिखीराम कावरे जी विशिष्ट अतिथियों में माननीय श्री कल्याण सिंह राणा जी (जनपद अध्यक्ष), माननीय श्री भुवन सिंह राहंगडाले जी (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत किरनापुर), माननीय सुश्री डाली कावरे जी, माननीय श्रीमती मीरा राधेश्याम सिंघनदुबे जी (जिला पंचायत सदस्य), श्री चंद्रभूषण (असीम) चौहान जी (जनपद सदस्य), श्री रामकुमार राणा (विधायक प्रतिनिधि), श्री चुमेश लिल्हारे जी (सांसद प्रतिनिधि), श्रीमती सुनीता देवराम पांचे (सरपंच, माटे), श्री छबीलाल खरे (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति), श्री देवराम पांचे(पूर्व सरपंच) एवं श्री केशो कुमार बिसेन (पूर्व जनपद सदस्य), श्रीमती यमुना खरे (पूर्व जनपद सदस्य), श्रीमती मीना ओमकार पांच (जनपद सदस्य नक्शी) श्रीमती सरिता जोशी महिला मोर्चा किरनापुर, श्री योगराज भास्कर सभापति निर्माण समिति, एवम् ग्राम माटे के गणमान्य नागरिक एवम् अभिभावक उपस्थिति रहे।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं देशभक्ति प्रस्तुतियाँ दीं, जिनकी दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, दौड़, बोरा दौड़, सुई धागा दौड़, चम्मच नींबू दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के, प्रभारी प्राचार्य श्री श्यामकरण पटले, समस्त शिक्षकगण, विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## पी एम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माटे में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

पी एम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य श्यामकरण पटले द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।प्राचार्य श्यामकरण पटले ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है और सभी विद्यार्थियों को देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

## कटगी-खैरलांजी विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही मेरा सपना : पारधी

### ग्राम सादाबोड़ी,खजरी में सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन,खजरी में राशन गोदाम का हुआ लोकार्पण




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कटगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सादाबोड़ी में विधायक गौरव पारधी ने रविवार को बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवन लागत २५ लाख रुपये के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया साथ ही ग्राम पंचायत खजरी में भी विश्वकर्मा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया और राशन गोदाम का लोकार्पण किया I इस अवसर पर ग्राम में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे।भूमिपूजन के अवसर पर विधायक श्री पारधी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण सेग्राम सहित आसपास के ग्रामों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के लिए एक स्थायी और सुविधाजनक स्थल उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीणों को बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह एवं अन्य आयोजनों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सरकार की प्राथमिकता, निर्माण की गुणवत्ता और समयसीमा में पूर्ण करवाने पर जोर - गौरव सिंह पारधीइस दौरान संबोधित करते हुए श्री पारधी में कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना है। सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। सादाबोड़ी पंचायत में सामुदायिक भवन का निर्माण इसी विकासशील सोच का परिणाम है।उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य गुणवत्ता के मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके,साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों से भी निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने का आग्रह किया गया। श्री पारधी ने कहा कि वर्षों से विश्वकर्मा समाज द्वारा सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी जिस पर ग्राम खजरी में विश्वकर्मा सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया I कार्यक्रम के दौरान सरपंच, उपसरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक का स्वागत करते हुए पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी सामुदायिक भवन की स्वीकृति और भूमिपूजन को ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, कटंगी जनपद अध्यक्ष कविता देशमुख, जनपद सदस्य मनोज बोपचे, सादाबोड़ी सरपंच जितेंद्र नेवारे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद देशमुख, सुखदेव हांडगे सरपंच सुरेंद्र रहागडाले , उपसरपंच यशवंत चौहान, पूर्व सरपंच युवचद उईकै, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सुखराम राउत, रूपेंद्र बिसेन,डिलेन्द्र पचेश्वर,महेश बागरे,जतन बिसेन,दीपक तुरकर, श्याम मेश्राम सहित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने बताया खुलेआम सड़क पर होती है शराबखोरी और विवाद

# सांसद से मोतीनगर की शराब दुकान हटाने महिलाओं ने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शहर के वार्ड क्रं.24 मोतीनगर में संचालित लायसेंसी शराब दुकान की वजह से यहां के निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है, हर दिन सड़क पर खुलेआम शराबखोरी होती है और विवाद भी जिससे कि वार्डवासियों एवं खासकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रं.24 में किया गया जहां पहुंची सांसद भारती पारधी को वार्ड की महिलाओं ने समस्याएं गिनाते हुए शराब दुकान हटाये जाने की मांग की है। वार्ड की महिलाओं ने सांसद को बताया कि यहां संचालित शराब दुकान की वजह से वार्डवासियों को खासी परेशानी होती है शराबी तत्व द्वारा दिन-रात खुले में शराब का सेवन किया जाता है और अक्सर विवाद भी होते है। राह से गुजरने वाली महिलाओं तथा आसपास के निवासियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आये दिन किसी भी घटना को लेकर आशंका बनी रहती है ऐसे में शराब दुकान को यहां से स्थानांतरित किया जाना चाहिये। जिसपर सांसद श्रीमती पारधी ने शराब दुकान का निरीक्षण किया और देखा कि यहां शराब की खाली बोतलें, पानी की पाऊच तथा भीतर ही अवैध तरीके से अहाता बना दिया गया है इसपर शराब विक्रेता को सांसद ने हिदायत दी साथ ही वार्ड की महिलाओं के द्वारा की गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शराब दुकान को स्थानांतरित किये जाने का प्रयास किये जाने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, वार्ड क्रं.24 के पार्षद उज्जवल आमाडारे, वार्डवासी बीआर राहंगडाले, राजेश परिहार, ओमप्रकाश लिल्हारे, दिनेश वासनिक, महेश बावनकर, भावेश भगत, सचिन चौरावार सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।